''...गृहपति! ये सभी दृष्टियाँ, या **ब्रह्मजाल** में वर्णित ६२ दृष्टियाँ सत्कायदृष्टि के होने पर आविर्भूत होती हैं तथा उस के न होने पर नहीं होतीं।''

''भन्ते! यह सत्कायदृष्टि कैसे उद्भूत होती है?''

''गृहपति! यहाँ कोई अज्ञ, पृथग्जन आर्यों के विषय में, आर्यधर्म के विषय में न जानने वाला, आर्यधर्म में अप्रविष्ट...पूर्ववत्...रूप को अपने से जानता है या अपने को रूपवान् समझता है, या अपने में रूप को समझता है या रूप में अपने को समझता है; वेदना को...संज्ञा को...संस्कारों को...विज्ञान को अपने से उद्भूत समझता है...पूर्ववत्...यों यह सत्कायदृष्टि उद्भूत होती हैं।

''तथा, भन्ते! यह सत्कायदृष्टि कैसे उद्भूत नहीं होती?''

''यहाँ, गृहपति! कोई विद्वान् आर्यश्रावक...पूर्ववत्...आर्यधर्म का भलीभाँति अवगाहन करता हुआ न रूप को आत्मीय मानता है, न आत्मा को रूपवान्, न आत्मा में रूप, न रूप में आत्मा को देखता है। वेदना...संज्ञा...संस्कार...विज्ञान...। ...गृहपति! इस तरह सत्कायदृष्टि नहीं होती।''

"अवन्तिया खो, गहपति, आगच्छामी" ति।

"अत्थि, भन्ते, अवन्तिया इसिदत्तो नाम कुलपुत्तो अम्हाकं अदिट्ठसहायो पब्बजितो दिट्ठो सो आयस्मा" ति? [N.257]

"एवं, गहपती" ति।

"कहं नु खो सो, भन्ते, आयस्मा एतरहि विहरती" ति?

एवं वुत्ते, आयस्मा इसिदत्तो तुण्ही अहोसि।

"अय्यो नो, भन्ते, इसिदत्तो" ति?

"एवं, गहपती" ति।

"अभिरमतु, भन्ते, अय्यो इसिदत्तो मच्छिकासण्डे। रमणीयं अम्बाटकवनं। अहं अय्यस्स इसिदत्तस्स उस्सुक्कं करिस्सामि चीवरपिण्डपातसेनासनगिलानप्पच्चय-भेसज्जपरिक्खारानं" ति।

"कल्याणं वुच्चति, गहपती" ति।

अथ खो चित्तो गहपति आयस्मतो इसिदत्तस्स भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा थेरे भिक्खू पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन सहत्था सन्तप्पेसि सम्पवारेसि।

"भन्ते! आप आर्य ऋषिदत्त कहाँ से आ रहे हैं?"

"गृहपति! मैं अवन्ती से आ रहा हूँ।"

"भन्ते! अवन्ती में ऋषिदत्त नामक कुलपुत्र हम लोगों का एक पुराना मित्र रहता था, वह आजकल बहुत समय से नहीं दिखायी दे रहा है, तथा जो आजकल प्रव्रजित हो गया है, क्या आपने उस को देखा है?"

"हाँ, गृहपति! देखा है।"

"वे आयुष्मान् आजकल साधनाहेतु कहाँ विराजमान हैं?"

यह प्रश्न सुन कर आयुष्मान् ऋषिदत्त मौन हो गये। तब गृहपति ने पूछा—"भन्ते! क्या आप ही आयुष्मान् ऋषिदत्त हैं?"

"हाँ, गृहपति!"

यह सुन कर प्रसन्नमन गृहपति ने कहा—"भन्ते आर्य ऋषिदत्त! आप सुखपूर्वक इस मत्स्यिकाषण्ड के इस आम्रातकवन में साधनाहेतु ठहरें। यह आम्रातकवन बहुत रमणीय है। मैं चीवर आदि से आप की सेवा करूँगा।"

"गृहपति! आप का वचन मङ्गलमय है।"

तब चित्त गृहपति ने आयुष्मान् ऋषिदत्त के कथन का अभिनन्दन, अनुमोदन कर उन सभी स्थविर भिक्षुओं को प्रणीत एवं स्वादिष्ठ भोजन अपने हाथ से सम्मानपूर्वक

अथ खो थेरा भिक्खू भुत्ताविनो ओनीतपत्तपाणिनो उट्ठायासना पक्कमिंसु। अथ खो आयस्मा थेरो आयस्मन्तं इसिदत्तं एतदवोच—"साधु खो तं, आवुसो इसिदत्त, एसो पञ्हो पटिभासि। नेसो पञ्हो मं पटिभासि। तेन हावुसो इसिदत्त, यदा अञ्ञथा पि एवरूपो पञ्हो आगच्छेय्य, तञ्ञेवेत्थ पटिभासेय्या" ति।

अथ खो आयस्मा इसिदत्तो सेनासनं संसामेत्वा पत्तचीवरमादाय मच्छिकासण्डम्हा पक्कामि। यं मच्छिकासण्डम्हा पक्कामि, तथा पक्कन्तो च अहोसि, न पुन पच्चागच्छी ति॥ ●

४. महकपाटिहारियसुत्तं

४. एकं समयं सम्बहुला थेरा भिक्खू मच्छिकासण्डे विहरन्ति अम्बाटकवने। [B.480] अथ खो चित्तो गहपति येन थेरा भिक्खू तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा थेरे भिक्खू [R.289] अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो चित्तो गहपति थेरे भिक्खू एतदवोच—"अधिवासेन्तु मे, भन्ते थेरा, स्वातनाय गोकुले भत्तं" ति। अधिवासेसुं खो थेरा भिक्खू तुण्हीभावेन। अथ खो चित्तो गहपति थेरानं भिक्खूनं अधिवासनं [N.258] विदित्वा उट्ठायासना थेरे भिक्खू अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि। अथ खो थेरा भिक्खू तस्सा रत्तिया अच्चयेन पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येन चित्तस्स गहपतिनो गोकुलं तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदिंसु।

अथ खो चित्तो गहपति थेरे भिक्खू पणीतेन सप्पिपायासेन सहत्था सन्तप्पेसि सम्पवारेसि। अथ खो थेरा भिक्खू भुत्ताविनो ओनीतपत्तपाणिनो उट्ठायासना पक्कमिंसु।

परोस कर खिलाया। फिर वे स्थविर भिक्षु भोजन करने के बाद आसन से उठ कर विहार में चले आये।

तब आयुष्मान् स्थविर ने आयुष्मान् ऋषिदत्त से कहा—"आयुष्मन् ऋषिदत्त! अच्छा हुआ कि तुमने गृहपति के उस प्रश्न का समाधान कर दिया। मुझे तो इस का कोई उत्तर सूझ ही नहीं रहा था। अच्छा हो, आयुष्मन्! कि आगे भी ऐसे प्रसङ्गों पर पूछे गये प्रश्नों का उत्तर तुम ही दिया करो।"

तब आयुष्मान् ऋषिदत्त अपना आसन समेट कर, पात्रचीवर ले कर, उस मत्स्यिकाषण्ड से ऐसे चले गये कि फिर कभी लौट कर वहाँ नहीं आये॥ ●

४. महकप्रातिहार्यसूत्र : : आयुष्मान् महक द्वारा ऋद्धिप्रदर्शन

४. एक समय कुछ स्थविर भिक्षु **मत्स्यिकाषण्ड** के आम्रातकवन में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। ...तब कभी चित्त गृहपति वहाँ आ कर प्रणाम कर भिक्षुओं से बोले—"अच्छा हो, भन्ते! कल मेरे गोकुल (गोशाला) में भोजन के लिये मेरा निमन्त्रण स्वीकार

चित्तो पि खो गहपति 'सेसकं विस्सज्जेथा' ति वत्वा थेरे भिक्खू पिट्ठितो पिट्ठितो अनुबन्धि। तेन खो पन समयेन उण्हं होति कुथितं; ते च थेरा भिक्खू पवेलियमानेन मञ्ञे कायेन गच्छन्ति, यथा तं भोजनं भुत्ताविनो।

तेन खो पन समयेन आयस्मा महको तस्मिं भिक्खुसङ्घे सब्बनवको होति। अथ खो आयस्मा महको आयस्मन्तं थेरं एतदवोच—"साधु ख्वस्स, भन्ते थेर, सीतको च वातो वायेय्य, अब्भसम्पिलापो च अस्स, देवो च एकमेकं फुसायेय्या" ति।

"साधु ख्वस्स, आवुसो महक, यं सीतको च वातो वायेय्य, अब्भसम्पिलापो च अस्स, देवो च एकमेकं फुसायेय्या" ति।

अथ खो आयस्मा महको तथारूपं इद्धाभिसङ्खारं अभिसङ्खरि यथा सीतको च वातो वायि, अब्भसम्पिलापो च अस्स, देवो च एकमेकं फुसि। अथ खो [R.290] चित्तस्स गहपतिनो एतदहोसि—"यो खो इमस्मिं भिक्खुसङ्घे सब्बनवको भिक्खु तस्सायं एवरूपो इद्धानुभावो" ति। अथ खो आयस्मा महको आरामं [B.481] सम्पापुणित्वा आयस्मन्तं थेरं एतदवोच—"अलमेत्तावता, भन्ते थेरा" ति?

"अलमेत्तावता, आवुसो महक! कतमेत्तावता, आवुसो महक! पूजितमेत्तावता, आवुसो महको" ति। अथ खो थेरा भिक्खू यथाविहारं अगमंसु। आयस्मा पि महको सकं विहारं अगमासि।

कर लें।...पूर्ववत्...जब वे स्थविर भिक्षु यथेच्छ भोजन कर आसन से उठ कर चलने लगे तो चित्त गृहपति भी अपने कर्मचारियों को यह आदेश देकर कि शेष भोजनसामग्री का उचित वितरण कर दो तथा भिक्षुओं के पीछे पीछे हो लिया। उस समय बहुत जलती हुई गर्मी पड़ रही थी। वे स्थविर भिक्षु भी भोजन करने के बाद कष्टपूर्वक ही विहार की ओर आ रहे थे। तब आयुष्मान् महक, जो उस स्थविरभिक्षुसङ्घ में सब से नये थे, स्थविर से बोले—"अच्छा होता, भन्ते! इस समय ठंढी हवा चलती, मेघ छा जाते, कुछ ठंढी फुहारें पड़तीं।" स्थविर बोले—"हाँ, आयुष्मन्! यह तो बहुत अच्छा होता।"

तब आयुष्मान् महक नें ऐसा ऋद्ध्यभिसंस्कार (अलौकिक शक्ति का चमत्कार) किया कि उसी समय ठंढी हवा चलने लगी, मेघ छा गये तथा फुहारें पड़ने लगीं। तब चित्त गृहपति ने, यह घटना देख कर, सोचा—'अवश्य यह विशिष्ट चमत्कार (आनुभाव) इस सङ्घ में सबसे छोटे स्थविर आयुष्मान् महक का ही है।' तब आयुष्मान् महक ने विहार में पहुँच कर आयुष्मान् स्थविर से पूछा—"भन्ते! क्या इतने से कार्य चल जायगा?" स्थविर बोले—"हाँ, आयुष्मन्! बस करो। इतने से ही कार्य चल जायगा।" तब अन्य स्थविर भिक्षुओं के साथ आयुष्मान् महक भी विहार में अपने आसन पर चले गये।

अथ खो चित्तो गहपति येनायस्मा महको तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं महकं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो चित्तो गहपति आयस्मन्तं महकं एतदवोच–"साधु मे, भन्ते, अय्यो महको उत्तरिमनुस्सधम्मं इद्धिपाटिहारियं दस्सेतू" ति।

[N.259] "तेन हि त्वं, गहपति, आलिन्दे उत्तरासङ्गं पञ्ञापेत्वा तिणकलापं ओकासेही" ति। "एवं, भन्ते" ति खो चित्तो गहपति आयस्मतो महकस्स पटिस्सुत्वा आलिन्दे उत्तरासङ्गं पञ्ञापेत्वा तिणकलापं ओकासेसि। अथ खो आयस्मा महको विहारं पविसित्वा सूचिघटिकं दत्वा तथारूपं इद्धाभिसङ्खारं अभिसङ्खरि यथा तालच्छिग्गळेन च अग्गळन्तरिकाय च अच्चि निक्खमित्वा तिणानि झापेसि, उत्तरासङ्गं न झापेसि। अथ खो चित्तो गहपति उत्तरासङ्गं पप्फोटेत्वा संविग्गो लोमहट्ठजातो एकमन्तं अट्ठासि। अथ खो आयस्मा महको विहारा निक्खमित्वा चित्तं गहपतिं एतदवोच–"अलमेत्तावता, गहपती" ति?

[R.291] "अलमेत्तावता, भन्ते महक! कतमेत्तावता, भन्ते, महक! पूजितमेत्तावता, भन्ते महक! अभिरमतु, भन्ते, अय्यो महको मच्छिकासण्डे। रमणीयं अम्बाटकवनं। अहं अय्यस्स महकस्स उस्सुक्कं करिस्सामि चीवरपिण्डपातसेनासनगिलानप्पच्चय-भेसज्जपरिक्खारानं" ति।

"कल्याणं वुच्चति, गहपती" ति।

तब चित्त गृहपति आयुष्मान् महक के पास उनके साधनास्थल पर पहुँचे। ...प्रणाम कर...उन से यों निवेदन किया–"अच्छा होता, भन्ते! आप मुझे कुछ अलौकिक चमत्कार (उत्तरिमनुष्यधर्म) दिखाते!"

"बरामदे में चादर बिछाओ और उस पर तृण (घासफूस) विखेर दो।"

"ठीक है, भन्ते!" चित्त गृहपति ने यों आयुष्मान् महक को उत्तर दे कर, बरामदे में चादर विछा कर उस पर तृणराशि रख दी। तब आयुष्मान् महक ने अपने समाधिविहार में प्रविष्ट हो कर उस का द्वार बन्द कर लिया। तब उन्होंने ऐसा अलौकिक चमत्कार किया कि बरामदे में रखा हुआ तृण पूर्णत: जल गया, परन्तु वह चादर यथापूर्व बनी रही। यह देख कर चित्त गृहपति आश्चर्यचकित हो कर देखता ही रह गया। तब आयुष्मान् महक ने विहार से निकल कर उस से पूछा–"गृहपति! इतना ही बहुत है, या इससे अधिक चमत्कार देखना चाहते हो?" गृहपति बोला–"बस, भन्ते! इतना ही बहुत है। इसी से आप के प्रति मेरी श्रद्धा बढ़ गयी है। आप इसी मत्स्यिकाषण्ड में साधनाहेतु विराजें। मैं चीवर पिण्डपात आदि से आपकी सेवा करता रहूँगा।"

अथ खो आयस्मा महको सेनासनं संसामेत्वा पत्तचीवरमादाय मच्छिकासण्डम्हा पक्कामि। यं मच्छिकासण्डम्हा पक्कामि, यथा पक्कन्तो व अहोसि; न पुन पच्चागच्छी ति॥

५. पठमकामभूसुत्तं

५. एकं समयं आयस्मा कामभू मच्छिकासण्डे विहरति अम्बाटकवने। अथ खो चित्तो गहपति येनायस्मा कामभू तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं कामभुं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो चित्तं गहपतिं आयस्मा [B.482] कामभू एतदवोच—"वुत्तमिदं, गहपति—

'नेलङ्गो सेतपच्छादो, एकारो वत्तती रथो।
अनीघं पस्स आयन्तं, छिन्नसोतं अबन्धनं' ति। (उ.पि. १५७)

"इमस्स नु खो, गहपति, सङ्खित्तेन भासितस्स कथं वित्थारेन अत्थो दट्ठब्बो" ति?

"किं नु खो एतं, भन्ते, भगवता भासितं" ति? [N.260]

"एवं, गहपती" ति।

"तेन हि, भन्ते, मुहुत्तं आगमेहि यावस्स अत्थं पेक्खामी" ति। अथ खो चित्तो गहपति मुहुत्तं तुण्ही हुत्वा आयस्मन्तं कामभुं एतदवोच—

आयुष्मान् महक बोले—"गृहपति! तुम्हारा कथन मङ्गलमय है।" परन्तु आयुष्मान् महक ने उसी समय अपना आसन वहाँ से समेट लिया, एवं वे अपना पात्रचीवर लेकर मत्स्यिकाषण्ड से आगे चारिका में चल दिये तथा फिर कभी वहाँ नहीं लौटे॥ •

५. प्रथम कामभूसूत्र : : भगवदुपदिष्ट एक गाथा की व्याख्या

५. एक समय आयुष्मान् कामभू **मत्स्यिकाषण्ड** के आम्रातकवन में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। तब चित्त गृहपति आयुष्मान् कामभू के पास आये, प्रणाम करने के बाद आयुष्मान् कामभू ने चित्त गृहपति से पूछा—"गृहपति! यह कहा गया है कि—

'निर्दोष, एक आच्छादन वाला, एक अरावाला यह चलता हुआ रथ है। उस दुःखरहित (रथ) को आते देखो, जिस का स्रोत रुक गया है तथा जो बन्धनमुक्त है'॥

(उदान, पृ० १५७, ना०सं०)

"गृहपति! भगवान् के इस संक्षिप्त कथन का विस्तृत अर्थ कैसे और क्या करना चाहिये?"

"भन्ते! क्या भगवान् ने ऐसा कहा है?"

"हाँ, गृहपति! कहा तो है।"

"तो, भन्ते! मुझे कुछ क्षण इस पर विचार करने का अवसर दें, तब तक मैं इस पर विचार कर लूँ।"

[R.292] "'नेलङ्गं' ति खो, भन्ते, सीलानमेतं अधिवचनं। 'सेतपच्छादो' ति खो, भन्ते, विमुत्तिया एतं अधिवचनं। 'एकारो' ति खो, भन्ते, सतिया एतं अधिवचनं। 'वत्तती' ति खो, भन्ते, अभिक्कमपटिक्कमस्सेतं अधिवचनं। 'रथो' ति खो, भन्ते, इमस्सेतं चातुम्महाभूतिकस्स कायस्स अधिवचनं मातापेत्तिकसम्भवस्स ओदनकुम्मासूपचयस्स अनिच्चुच्छादनपरिमद्दनभेदनविद्धंसनधम्मस्स। रागो खो, भन्ते, नीघो, दोसो नीघो, मोहो नीघो। ते खीणासवस्स भिक्खुनो पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। तस्मा खीणासवो भिक्खु 'अनीघो' ति वुच्चति। 'आयन्तं' ति खो, भन्ते, अरहतो एतं अधिवचनं। 'सोतो' ति खो, भन्ते, तण्हायेतं अधिवचनं। सा खीणासवस्स भिक्खुनो पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। तस्मा खीणासवो भिक्खु 'छिन्नसोतो' ति वुच्चति। रागो खो, भन्ते, बन्धनं, दोसो बन्धनं, मोहो बन्धनं। ते खीणासवस्स भिक्खुनो पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। तस्मा खीणासवो भिक्खु 'अबन्धनो' ति वुच्चति। इति खो, भन्ते, यं तं भगवता वुत्तं—

'नेलङ्गो सेतपच्छादो, एकारो वत्तती रथो।
अनीघं पस्स आयन्तं, छिन्नसोतं अबन्धनं' ति॥

तब चित्त गृहपति, इस गाथा पर कुछ क्षण विचार कर, आयुष्मान् कामभू से यों बोले—"भन्ते! इस गाथा में **नेलङ्ग** (निर्दोष) शब्द का अर्थ है—शील (सदाचार) तथा **सेतपच्छादो** का अर्थ है—विमुक्ति। **एकारो** स्मृति के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। **वत्तति** का अर्थ है—अभिक्रम (आगे चलना) एवं प्रतिक्रम (पीछे हटना)। यहाँ **रथो** शब्द इस चतुर्महाभूतोत्पन्न 'काय' के लिये व्यवहृत हुआ है। यह 'काय' मातापिता के संयोग से उत्पन्न होता है तथा दाल-भात खाने से वृद्धिङ्गत होता है। यह अनित्य, धोने तथा मलने से सुन्दर लगनेवाला है, तथा नष्ट होना इस का स्वभाव है। भन्ते! राग, द्वेष एवं मोह को **नीघ** (दु:ख) कहा जाता है। ये क्षीणाश्रव भिक्षु के क्षीण हो जाते हैं तथा भविष्य में वहाँ उत्पन्न होने की स्थिति भी नहीं रखते, अत: क्षीणाश्रव भिक्षु **अनीघ** कहलाता है। **आयन्तं** शब्द का अर्हत् (ज्ञानी) में अभिप्राय है। '**स्रोत**' शब्द से 'तृष्णा' को समझना चाहिये। यह तृष्णा क्षीणाश्रव में सदा के लिये विनष्ट हुई रहती है अत: वह **छिन्नसोतो** कहलाता है। इसी तरह, भन्ते! राग, द्वेष एवं मोह 'बन्धन' हैं। ये क्षीणाश्रव भिक्षु के चित्त में कथमपि नहीं रह पाते, सदा के लिये क्षीण हो जाते हैं, अत: वह **अबन्धन** कहलाता है। भन्ते! इसी गम्भीर आशय से भगवान् ने—

नेलङ्गो सेतपच्छादो—ऐसा कहा है। भन्ते! भगवान् के इस संक्षिप्त कथन का यही विस्तृत अर्थ समझ पाया हूँ।"

"इमस्स खो, भन्ते, भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थं [B.483] आजानामी" ति।

"लाभा ते, गहपति, सुलद्धं ते, गहपति! यस्स ते गम्भीरे बुद्धवचने पञ्ञाचक्खु कमती" ति॥ ●

६. दुतियकामभूसुत्तं

६. एकं समयं आयस्मा कामभू मच्छिकासण्डे विहरति अम्बाटकवने। [R.293] अथ खो चित्तो गहपति येनायस्मा कामभू तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो चित्तो गहपति आयस्मन्तं कामभुं एतदवोच—[N.261] "कति नु खो, भन्ते, सङ्खारा" ति?

"तयो खो, गहपति, सङ्खारा—कायसङ्खारो, वचीसङ्खारो, चित्तसङ्खारो" ति।

"साधु, भन्ते" ति खो चित्तो गहपति आयस्मतो कामभुस्स भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा आयस्मन्तं कामभुं उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—"कतमो पन, भन्ते, कायसङ्खारो, कतमो वचीसङ्खारो, कतमो चित्तसङ्खारो" ति?

"अस्सासपस्सासा खो, गहपति, कायसङ्खारो, वितक्कविचारा वचीसङ्खारो, सञ्ञा च वेदना च चित्तसङ्खारो" ति।

"गृहपति! तुम बहुत भाग्यशाली हो, तुमने बहुत कुछ पा लिया है कि तुम्हारी प्रज्ञा (बुद्धि) भगवदुक्त गम्भीर वचनों पर भी इतनी सूक्ष्मता से विचार कर लेती है"॥ ●

६. द्वितीय कामभूसूत्र : : त्रिविध संस्कार

६. एक समय आयुष्मान् कामभू **मत्स्यिकाषण्ड** के आम्रातकवन में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। उस समय चित्त गृहपति आयुष्मान् कामभू के पास आये। ...तथा एक ओर बैठते हुए उसने आयुष्मान् कामभू से यह जिज्ञासा प्रकट की—"भन्ते! संस्कार कितने होते हैं?"

"भन्ते! संस्कार तो तीन होते हैं—१. कायसंस्कार, २. वाक्संस्कार एवं ३. चित्तसंस्कार।"

"ठीक है, भन्ते!" —यों चित्त गृहपति ने, आयुष्मान् कामभू के कथन का अभिनन्दन, अनुमोदन करते हुए, पुनः प्रश्न किया—"भन्ते! इन में कायसंस्कार कौन सा है? वाक्संस्कार कौन सा है? तथा चित्तसंस्कार कौन सा है?"

"गृहपति! यहाँ शरीर से निकलने वाले आश्वास, प्रश्वास 'कायसंस्कार' कहलाते हैं, वितर्क एवं विचार 'वाक्संस्कार' कहलाते हैं तथा संज्ञा एवं वेदना 'चित्तसंस्कार' कहलाते हैं।

"साधु, भन्ते" ति खो चित्तो गहपति...पे०...उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—"कस्मा पन, भन्ते, अस्सासपस्सासा कायसङ्खारो, कस्मा वितक्कविचारा वचीसङ्खारो, कस्मा सञ्ञा च वेदना च चित्तसङ्खारो" ति?

"अस्सासपस्सासा खो, गहपति, कायिका। एते धम्मा कायप्पटिबन्धा, तस्मा अस्सासपस्सासा कायसङ्खारो। पुब्बे खो, गहपति, वितक्केत्वा विचारेत्वा पच्छा वाचं भिन्दति, तस्मा वितक्कविचारा वचीसङ्खारो। सञ्ञा च वेदना च चेतसिका। एते धम्मा चित्तप्पटिबन्धा, तस्मा सञ्ञा च वेदना च चित्तसङ्खारो"।

साधु...पे०...उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—"कथं पन, भन्ते, सञ्ञावेदयितनिरोध-समापत्ति होती" ति?

"न खो, गहपति, सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जन्तस्स भिक्खुनो एवं होति—'अहं सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जिस्सं' ति वा 'अहं सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जामी' ति वा 'अहं सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नो' ति वा। अथ ख्वस्स पुब्बेव [R.294] तथा चित्तं भावितं होति यं तं तथत्ताय उपनेती" ति।

साधु...पे०...उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—"सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जन्तस्स [B.484] पन, भन्ते, भिक्खुनो कतमे धम्मा पठमं निरुज्झन्ति, यदि वा कायसङ्खारो, यदि वा वचीसङ्खारो, यदि वा चित्तसङ्खारो" ति?

"ठीक है, भन्ते!" —यों चित्त गृहपति ने...पूर्ववत्...पुनः प्रश्न किया—"भन्ते! आश्वास प्रश्वास को कायसंस्कार, वितर्क विचार को वाक्संस्कार एवं संज्ञा, वेदना को चित्तसंस्कार क्यों कहते हैं?"

"गृहपति! ये आश्वास प्रश्वास कायधर्म हैं, काय से सम्पृक्त रहते हैं, अतः इन को 'कायसंस्कार' कहते हैं। मनुष्य पहले कुछ भी वितर्क एवं विचार कर बाद में उन्हें वाणी से प्रकट करता है, अतः वितर्क-विचारों को 'वाक्संस्कार' कहते हैं। इसी तरह संज्ञा एवं वेदना चित्त के धर्म हैं, ये चित्त से प्रतिबद्ध हैं अतः संज्ञा एवं वेदना 'चित्तसंस्कार' कहलाते हैं।

"ठीक है, भन्ते!" —यों चित्त गृहपति ने...पूर्ववत्...पुनः प्रश्न किया—"भन्ते! 'संज्ञावेदयितनिरोध समापत्ति' कैसे होती है?

"गृहपति! संज्ञावेदयितनिरोध समापत्ति वाले साधक को यह नहीं होता कि मैं संज्ञावेदयितनिरोध प्राप्त करूँगा या करता हूँ या कर चुका हूँ; अपि तु उस का चित्त पहले ही इतना भावित रहता है कि वह उसे वहाँ तक ले जाता है।

"ठीक है, भन्ते!" —यों चित्त गृहपति ने...पूर्ववत्..."भन्ते! संज्ञावेदयितनिरोध

"सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जन्तस्स खो, गहपति, भिक्खुनो वचीसङ्खारो पठमं निरुज्झति, ततो कायसङ्खारो, ततो चित्तसङ्खारो" ति?

साधु...पे०...उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—"य्वायं, भन्ते, मतो कालङ्कतो, यो [N.262] चायं भिक्खु सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नो, इमेसं किं नानाकरणं" ति?

"य्वायं गहपति, मतो कालङ्कतो तस्स कायसङ्खारो निरुद्धो पटिप्पस्सद्धो, वचीसङ्खारो निरुद्धो पटिप्पस्सद्धो, चित्तसङ्खारो निरुद्धो पटिप्पस्सद्धो, आयु परिक्खीणो, उस्मा वूपसन्ता, इन्द्रियानि विपरिभिन्नानि। यो च ख्वायं, गहपति, भिक्खु सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नो, तस्स पि कायसङ्खारो निरुद्धो पटिप्पस्सद्धो, वचीसङ्खारो निरुद्धो पटिप्पस्सद्धो, चित्तसङ्खारो निरुद्धो पटिप्पस्सद्धो, आयु अपरिक्खीणो, उस्मा अवूपसन्ता, इन्द्रियानि विप्पसन्नानि। य्वायं, गहपति, मतो कालङ्कतो, यो चायं भिक्खु सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नो, इदं नेसं नानाकरणं" ति।

साधु...पे०...उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—"कथं पन, भन्ते, सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठानं होती" ति?

"न खो, गहपति, सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठहन्तस्स भिक्खुनो एवं

को प्राप्त करने वाले भिक्षु के कौन धर्म पहले निरुद्ध होते हैं—कायसंस्कार, या वाक्संस्कार या चित्तसंस्कार?"

"गृहपति! ऐसे साधक के सर्वप्रथम वाक्संस्कार निरुद्ध होते हैं तब कायसंस्कार। और अन्त में चित्तसंस्कार निरुद्ध होते हैं।"

"ठीक है, भन्ते!" —यों चित्त गृहपति ने...पूर्ववत्...पुनः प्रश्न किया—"भन्ते! जो मर चुका है, तथा जो संज्ञावेदयितनिरोधसमापन्न है—इन दोनों में क्या भेद है?"

मृत एवं संज्ञावेदयितनिरोधसमापन्न में भेद—"गृहपति! मृत प्राणी के कायसंस्कार, वाक्संस्कार एवं चित्तसंस्कार सर्वथा निरुद्ध एवं शान्त हो चुके होते हैं, आयु क्षीण हो चुकी होती है, ऊष्मा शान्त हो चुकी होती है, उस की सभी इन्द्रियाँ बिखर चुकी होती हैं। तथा जो संज्ञावेदयितनिरोधसमापन्न है उस के भी यद्यपि कायसंस्कार, वाक्संस्कार एवं चित्तसंस्कार निरुद्ध एवं शान्त हो चुके होते हैं; परन्तु उस की आयु, शरीर की ऊष्मा शान्त तथा निरुद्ध नहीं होती, न उस की इन्द्रियाँ बिखर चुकी होती हैं, अपि तु वे इस समय भी विप्रसन्न ही रहती हैं। —यही इन दोनों में भेद है, इसी से वे पहचाने जा सकते हैं।

"ठीक है, भन्ते!" —यों चित्त गृहपति ने...पूर्ववत्...पुनः प्रश्न किया—"भन्ते! इस संज्ञावेदयितनिरोधसमापत्ति का व्युत्थान (उठना) कैसे होता है?"

"गृहपति! संज्ञावेदयितनिरोध से व्युत्थान करने वाले साधक को यह नहीं होता

होति—'अहं सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठहिस्सं' ति वा 'अहं सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठहामी' ति वा 'अहं सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठितो' ति वा। अथ ख्वस्स पुब्बेव तथा चित्तं भावितं होति, यं तं तथत्ताय उपनेती'' ति।

[R.295] साधु भन्ते...पे०...उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—''सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठहन्तस्स पन, भन्ते, कतमे धम्मा पठमं उप्पज्जन्ति, यदि वा कायसङ्खारो, यदि वा वचीसङ्खारो, यदि वा चित्तसङ्खारो'' ति?

''सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठहन्तस्स, गहपति, भिक्खुनो चित्तसङ्खारो पठमं उप्पज्जति, ततो कायसङ्खारो, ततो वचीसङ्खारो'' ति।

साधु...पे०...उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—''सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठितं पन, भन्ते, भिक्खुं कति फस्सा फुसन्ति''?

[B.485] ''सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठितं खो, गहपति, भिक्खुं तयो फस्सा फुसन्ति—सुञ्ञतो फस्सो, अनिमित्तो फस्सो, अप्पणिहितो फस्सो'' ति।

[N.263] साधु...पे०...उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—''सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठितस्स पन, भन्ते, भिक्खुनो किंनिन्नं चित्तं होति, किंपोणं, किंपब्भारं'' ति?

कि मैं संज्ञावेदयितनिरोधसमापत्ति से व्युत्थान करूँगा, या करता हूँ, या कर चुका हूँ; अपि तु उस का चित्त पहले से ही इतना भावित रहता है कि वह उस का व्युत्थान करा देता है।''

''ठीक है, भन्ते!'' —यों चित्त गृहपति ने ...पूर्ववत्... पुनः प्रश्न किया—''भन्ते! संज्ञावेदयितनिरोध से व्युत्थान करने वाले साधक के कायसंस्कार, वाक्संस्कार तथा चित्तसंस्कार में से कौन से धर्म पहले उत्पन्न होते हैं, तथा कौन से बाद में?''

''गृहपति! संज्ञावेदयितनिरोध से व्युत्थान करने वाले को पहले चित्तसंस्कार उत्पन्न होता है, तब कायसंस्कार तथा सबसे अन्त में वाक्संस्कार।''

''ठीक है, भन्ते!''—यों चित्त गृहपति ने ...पूर्ववत् .. पुनः प्रश्न किया—''भन्ते! संज्ञावेदयितनिरोध से व्युत्थित साधक भिक्षु को कौन से धर्मों के स्पर्श का अनुभव होता है?''

''गृहपति! ऐसे साधक भिक्षु को तीन स्पर्शों का अनुभव होता है—१. शून्य स्पर्श, २. अनिमित्त स्पर्श एवं ३. अप्रणिहित (निःसङ्कल्प) स्पर्श''।

''ठीक है, भन्ते!''—यों चित्त गृहपति ने...पूर्ववत्...पुनः प्रश्न किया—''भन्ते! संज्ञावेदयितनिरोध से व्युत्थित साधक का चित्त किधर झुका रहता है? किधर प्रवृत्त होने को उत्कण्ठित होता है?''

"सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठितस्स खो, गहपति, भिक्खुनो विवेकनिन्नं चित्तं होति विवेकपोणं विवेकपब्भारं" ति।

"साधु, भन्ते" ति खो चित्तो गहपति आयस्मतो कामभुस्स भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा आयस्मन्तं कामभुं उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—"सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया पन, भन्ते, कति धम्मा बहूपकारा" ति?

"अद्धा खो त्वं, गहपति, यं पठमं पुच्छितब्बं तं पुच्छसि। अपि च त्याहं ब्याकरिस्सामि। सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया खो, गहपति, द्वे धम्मा बहूपकारा—समथो च विपस्सना चा" ति॥ ●

७. गोदत्तसुत्तं

७. एकं समयं आयस्मा गोदत्तो मच्छिकासण्डे विहरति अम्बाटकवने। अथ खो चित्तो गहपति येनायस्मा गोदत्तो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं गोदत्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो चित्तं गहपतिं आयस्मा [R.296] गोदत्तो एतदवोच—"या चायं, गहपति, अप्पमाणा चेतोविमुत्ति, या च आकिञ्चञ्ञा चेतोविमुत्ति, या च सुञ्ञता चेतोविमुत्ति, या च अनिमित्ता चेतोविमुत्ति, इमे धम्मा नानत्था नानाब्यञ्जना उदाहु एकत्था ब्यञ्जनमेव नानं" ति?

"गृहपति! संज्ञावेदयितनिरोध से व्युत्थित साधक का चित्त विवेक की ओर झुका रहता है, विवेक की ओर उत्कण्ठित रहता है।"

"ठीक है, भन्ते!" —यों कहते हुए चित्त गृहपति ने आयुष्मान् कामभू के कथन का अभिनन्दन, अनुमोदन करते हुए उन से उसने पुनः प्रश्न किया—"भन्ते! इस संज्ञावेदयितनिरोध के समापादन में कौन से धर्म अत्यधिक उपकारक होते हैं?"

"अरे गृहपति! यह प्रश्न, जो तुम अब कर रहे हो सर्वप्रथम करना चाहिये था। तो भी मैं इस का उत्तर देता हूँ—गृहपति! संज्ञावेदयितनिरोध के समापादन में दो धर्म सर्वाधिक उपकारक हैं—१. शमथ एवं २. विपश्यना"॥ ●

७. गोदत्तसूत्र : : समानार्थक विभिन्न शब्द

७. एक समय आयुष्मान् गोदत्त मत्स्यिकाषण्ड के आम्रातकवन में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। उसी समय चित्त गृहपति उन के पास पहुँचे। तथा उन्हें प्रणाम कर...एक ओर बैठते हुए उस गृहपति को आयुष्मान् गोदत्त ने यह पूछा—"गृहपति! ये जो शास्त्र में अप्रमाणा चेतोविमुक्ति, आकिञ्चन्या चेतोविमुक्ति, शून्यता चेतोविमुक्ति तथा अनिमित्ता चेतोविमुक्ति नामों से चेतोविमुक्तियाँ वर्णित हैं—क्या ये भिन्न अर्थवाली तथा भिन्न संज्ञावाली हैं? या इन का अर्थ एक ही है तथा केवल ये बोधक संज्ञाएँ ही भिन्न भिन्न हैं?"

"अत्थि, भन्ते, परियायो यं परियायं आगम्म इमे धम्मा नानत्था चेव नानाब्यञ्जना च। अत्थि पन, भन्ते, परियायो यं परियायं आगम्म इमे धम्मा एकत्था ब्यञ्जनमेव नानं" ति।

"कतमो च, भन्ते, परियायो यं परियायं आगम्म इमे धम्मा नानत्था चेव नानाब्यञ्जना च। इध, भन्ते, भिक्खु मेत्तासहगतेन चेतसा एकं दिसं फरित्वा विहरति, तथा दुतियं, तथा ततियं, तथा चतुत्थं। इति उद्धमधो तिरियं सब्बधि सब्बत्तताय [B.486] सब्बावन्तं लोकं मेत्तासहगतेन चेतसा विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्जेन फरित्वा विहरति। करुणासहगतेन चेतसा...पे०...मुदितासहगतेन चेतसा ...पे०...उपेक्खासहगतेन चेतसा एकं दिसं फरित्वा विहरति, तथा दुतियं, तथा ततियं, [N.264] तथा चतुत्थं। इति उद्धमधो तिरियं सब्बधि सब्बत्तताय सब्बावन्तं लोकं उपेक्खासहगतेन चेतसा विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्जेन फरित्वा विहरति। अयं वुच्चति, भन्ते, अप्पमाणा चेतोविमुत्ति।

"कतमा च, भन्ते, आकिञ्चञ्ञा चेतोविमुत्ति? इध; भन्ते, भिक्खु सब्बसो विञ्ञाणञ्चायतनं समतिक्कम्म, 'नत्थि किञ्ची' ति आकिञ्चञ्ञायतनं उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चति, भन्ते, आकिञ्चञ्ञा चेतोविमुत्ति।

"कतमा च, भन्ते, सुञ्ञता चेतोविमुत्ति? इध, भन्ते, भिक्खु अरञ्ञगतो वा

"हाँ, भन्ते! एक क्रम है, जिस क्रम के अन्तर्गत ये धर्म भिन्न नाम एवं भिन्न अर्थ वाले हैं; तथा दूसरे क्रम में इन के नाम केवल भिन्न हैं, परन्तु अर्थ एक ही है।

"भन्ते! वह कौन सा क्रम है जिस में इन धर्मों के नाम एवं अर्थ—दोनों भिन्न हैं?

"यहाँ, भन्ते! कोई मैत्रीसहगत चित्त से एक दिशा को पूर्ण कर साधना करता है, वैसे ही दूसरी दिशा को...तीसरी दिशा को...चौथी दिशा को। इसी तरह ऊपर, नीचे, आड़े, टेढ़े—सभी प्रकार से, सभी तरफ से विपुल अप्रमाण सुखमय मैत्रीसहगत चित्त से समस्त लोक को सब तरफ से पूर्ण कर साधना करता है। ...करुणासहगत चित्त से...। मुदितासहगत चित्त से...। उपेक्षासहगत चित्त से...साधना करता है... भन्ते! यह 'अप्रमाणा चेतोविमुक्ति' कहलाती है।

"भन्ते! 'आकिञ्चन्या चेतोविमुक्ति' क्या कहलाती है? भन्ते! यहाँ कोई साधक भिक्षु विज्ञानानन्त्यायतन को सर्वथा अतिक्रान्त कर 'कुछ भी नहीं है'—ऐसी भावना करते हुए आकिञ्चन्यायतन को प्राप्त कर साधना करता है, यह कहलाती है—'आकिञ्चन्या चेतोविमुक्ति'।

"भन्ते! शून्यता चेतोविमुक्ति क्या कहलाती है? यहाँ कोई साधक भिक्षु किसी

रुक्खमूलगतो वा सुञ्ञागारगतो वा इति पटिसञ्चिक्खति—'सुञ्ञमिदं अत्तेन वा अत्तनियेन वा' ति। अयं वुच्चति, भन्ते, सुञ्ञता चेतोविमुत्ति। [R.297]

"कतमा च, भन्ते, अनिमित्ता चेतोविमुत्ति? इध, भन्ते, भिक्खु सब्बनिमित्तानं अमनसिकारा अनिमित्तं चेतोसमाधिं उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चति, भन्ते, अनिमित्ता चेतोविमुत्ति। अयं खो, भन्ते, परियायो यं परियायं आगम्म इमे धम्मा नानत्था चेव नानाब्यञ्जना च।

"कतमो च, भन्ते परियायो यं परियायं आगम्म इमे धम्मा एकत्था ब्यञ्जनमेव नानं? रागो, भन्ते, पमाणकरणो, दोसो पमाणकरणो, मोहो पमाणकरणो। ते खीणासवस्स भिक्खुनो पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पाद-धम्मा। यावता खो, भन्ते, अप्पमाणा चेतोविमुत्तियो, अकुप्पा तासं चेतोविमुत्ति अग्गमक्खायति। सा खो पन अकुप्पा चेतोविमुत्ति सुञ्ञा रागेन, सुञ्ञा दोसेन, सुञ्ञा मोहेन। रागो खो, भन्ते, किञ्चनं, दोसो किञ्चनं, मोहो किञ्चनं। ते खीणासवस्स भिक्खुनो पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। यावता खो, भन्ते, आकिञ्चञ्ञा चेतोविमुत्तियो, अकुप्पा तासं चेतोविमुत्ति [B.487] अग्गमक्खायति। सा खो पन अकुप्पा चेतोविमुत्ति सुञ्ञा रागेन, सुञ्ञा दोसेन, सुञ्ञा मोहेन। रागो खो, भन्ते, निमित्तकरणो, दोसो निमित्तकरणो, मोहो निमित्तकरणो। ते

अरण्य में, किसी वृक्ष के नीचे या किसी शून्यागार में जा कर वहाँ उस के विषय में यों विचार करे—'यह स्थान आत्मा या आत्मीयता से परे है'। भन्ते! इसे कहते हैं—शून्यता चेतोविमुक्ति।

"फिर, भन्ते! अनिमित्ता चेतोविमुक्ति क्या है? भन्ते! कोई भिक्षु सभी निमित्तों को ध्यान में न ला कर निमित्तविहीन चेत:समाधि प्राप्त कर साधना करता है, यह कहलाती है—'अनिमित्ता चेतोविमुक्ति'। इस तरह, भन्ते! यह वह क्रम है जिस में ये सभी शब्द भिन्न होते हुए भिन्न अर्थ वाले हैं। (क)

"फिर, भन्ते! वह कौन सा क्रम है जिस में इन सभी शब्दों का अर्थ एक ही है, परन्तु ये सब शब्द नामत: भिन्न हैं?

"यहाँ, भन्ते! राग प्रमाण करने वाला है, द्वेष... मोह प्रमाण करने वाला है। वे तीनों ही दोष क्षीणाश्रव भिक्षु के उच्छिन्न हुए रहते हैं, प्रहीणमूल हुए रहते हैं। वे ऐसे अभावग्रस्त हो जाते हैं कि भविष्य में उन की उत्पत्ति की कोई सम्भावना नहीं रहती। भन्ते! जितनी अप्रमाण वाली चेतोविमुक्तियाँ हैं उन में स्थिर (अकोप्य=अर्हत्त्वफल) चेतोविमुक्ति ही श्रेष्ठ कहलाती है। वह अकोप्य चेतोविमुक्ति राग, द्वेष एवं मोह से शून्य होती है। वहाँ

खीणासवस्स भिक्खुनो पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। यावता खो, भन्ते, अनिमित्ता चेतोविमुत्तियो, अकुप्पा तासं चेतोविमुत्ति अग्गमक्खायति।

[N.265] "सा खो पन अकुप्पा चेतोविमुत्ति सुञ्ञा रागेन, सुञ्ञा दोसेन, सुञ्ञा मोहेन। अयं खो, भन्ते, परियायो यं परियायं आगम्म इमे धम्मा एकत्था ब्यञ्जनमेव नानं" ति।

"लाभा ते, गहपति, सुलद्धं ते, गहपति! यस्स ते गम्भीरे बुद्धवचने पञ्ञाचक्खु कमती" ति॥ ●

८. निगण्ठनाटपुत्तसुत्तं

[R.298] ८. तेन खो पन समयेन निगण्ठो नाटपुत्तो मच्छिकासण्डं अनुप्पत्तो होति महतिया निगण्ठपरिसाय सद्धिं। अस्सोसि खो चित्तो गहपति—"निगण्ठो किर नाटपुत्तो मच्छिकासण्डं अनुप्पत्तो महतिया निगण्ठपरिसाय सद्धिं" ति। अथ खो चित्तो गहपति सम्बहुलेहि उपासकेहि सद्धिं येन निगण्ठो नाटपुत्तो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा निगण्ठेन नाटपुत्तेन सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं

राग, द्वेष एवं मोह—तीनों ही शून्य (तुच्छ) है। तथा वे तीनों ही क्षीणाश्रव भिक्षु के प्रहीण एवं उच्छिन्नमूल तथा अभावग्रस्त हुए रहते हैं।

भन्ते! जहाँ तक आकिञ्चन्या चेतोविमुक्ति का प्रश्न है, उन में भी स्थिर चेतोविमुक्ति ही श्रेष्ठ कहलाती है। वह अकोप्य चेतोविमुक्ति राग, द्वेष एवं मोह से शून्य है। राग, द्वेष एवं मोह निमित्तकरण हैं। वे क्षीणाश्रव भिक्षु के प्रहीण, उच्छिन्नमूल, एवं अभावग्रस्त हुए रहते हैं। भन्ते! जितनी भी अनिमित्त चेतोविमुक्तियाँ हैं, उन में अकोप्य (स्थिर=अर्हत्त्व-फलवाली) चेतोविमुक्ति ही श्रेष्ठ कहलाती है। वह अकोप्या चेतोविमुक्ति राग, द्वेष एवं मोह से शून्य है। भन्ते! यही वह क्रम है जिस क्रम के आधार पर ये धर्म एकार्थक (समानार्थक) हैं, केवल शब्दों में ही भेद है।" (ख)

"गृहपति! तुम बहुत भाग्यशाली हो, तथा तुम्हें इस मानव जीवन का बहुत अच्छा लाभ मिला है कि तुम्हारी यह विमल प्रज्ञा इन गम्भीर बुद्धवचनों का इतनी सूक्ष्मता से विश्लेषण कर लेती है"॥ ●

८. निर्ग्रन्थज्ञातृपुत्रसूत्र : : ज्ञान श्रेष्ठ है या श्रद्धा

८. उस समय निर्ग्रन्थज्ञातृपुत्र **मत्स्यिकाषण्ड** के आम्रातकवन में अपनी विशाल शिष्यमण्डली के साथ ठहरे हुए थे। चित्त गृहपति ने भी उन का वहाँ आगमन सुना। तब चित्त गृहपति बहुत से उपासकों के साथ निगण्ठ नाटपुत्त के पास पहुँचा। वहाँ पहुँच कर उन से कुशल-मङ्गल पूछ कर वह एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे उस चित्त गृहपति

निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो चित्तं गहपतिं निगण्ठो नाटपुत्तो एतदवोच—"सद्दहसि त्वं, गहपति, समणस्स गोतमस्स—अत्थि अवितक्को अविचारो समाधि, अत्थि वितक्कविचारानं निरोधो" ति?

"न ख्वाहं एत्थ, भन्ते, भगवतो सद्धाय गच्छामि। अत्थि अवितक्को अविचारो समाधि, अत्थि वितक्कविचारानं निरोधो" ति।

एवं वुत्ते, निगण्ठो नाटपुत्तो उल्लोकेत्वा एतदवोच—"इदं भवन्तो पस्सन्तु, याव उजुको चायं चित्तो गहपति, याव असठो चायं चित्तो गहपति, याव अमायावी चायं चित्तो गहपति, वातं वा सो जालेन बाधेतब्बं मञ्ञेय्य, यो वितक्कविचारे [B.488] निरोधेतब्बं मञ्ञेय्य, सकमुट्ठिना वा सो गङ्गाय सोतं आवारेतब्बं मञ्ञेय्य, यो वितक्कविचारे निरोधेतब्बं मञ्ञेय्या" ति।

"तं किं मञ्ञसि, भन्ते, कतमं नु खो पणीततरं—ञाणं वा सद्धा वा" ति?

"सद्धाय खो, गहपति, ञाणं येव पणीततरं" ति।

"अहं खो, भन्ते, यावदेव आकङ्खामि, विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज [N.266, R.299]

को निगण्ठ नाटपुत्त ने यह पूछा—"गृहपति! क्या तुम श्रमण गौतम के इस मत पर श्रद्धा रखते हो—'वितर्क विचाररहित भी समाधि होती है तथा वितर्कों तथा विचारों का निरोध सम्भव है'?"

(ऐसा पूछे जाने पर चित्त गृहपति ने कहा—) "नहीं, भन्ते! मैं भगवान् के इस मत पर श्रद्धा नहीं रखता कि वितर्क विचाररहित भी समाधि होती है, या वितर्क-विचार का निरोध सम्भव है।"

गृहपति द्वारा ऐसा कहे जाने पर, अपनी शिष्यमण्डली को देखते हुए निगण्ठ नाटपुत्त ने कहा—"आप लोग देखें, यह गृहपति कितना सरल है तथा कितना शुद्धहृदय है एवं इस का अन्तःकरण कितना निष्कपट (मायारहित) है! जो वितर्क विचारों का निरोध सम्भव मानता है वह मानो जाल से वायु को रोकना चाहता है या अपनी मुट्ठी से गङ्गा के प्रवाह को अवरुद्ध करना चाहता है!"

(गृहपति का प्रश्न—)"भन्ते! आप क्या मानते है—ज्ञान एवं श्रद्धा में कौन श्रेष्ठ है?"

"श्रद्धा से तो, गृहपति! ज्ञान ही श्रेष्ठ है।"

"भन्ते! मैं जब भी चाहता हूँ, जितने समय तक चाहता हूँ कामभोग तथा अकुशल धर्मों से दूर रहते हुए वितर्क विचार सहित, विवेकजन्य प्रीतिसुखयुक्त प्रथम ध्यान को

विहरामि। अहं खो, भन्ते, यावदेव आकङ्खामि, वितक्कविचारानं वूपसमा...पे०...दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। अहं खो, भन्ते, यावदेव आकङ्खामि, पीतिया च विरागा ...पे०...ततियं झानं उपसम्पज्ज विहराभि। अहं खो, भन्ते, यावदेव आकङ्खामि, सुखस्स च पहाना...पे०...चतुत्थं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। न सो ख्वाहं, भन्ते, एवं जानन्तो एवं पस्सन्तो कस्स अञ्ञस्स समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा सद्धाय गमिस्सामि। अत्थि अवितक्को अविचारो समाधि, अत्थि वितक्कविचारानं निरोधो'' ति।

एवं वुत्ते, निगण्ठो नाटपुत्तो सकं परिसं अपलोकेत्वा एतदवोच—''इदं भवन्तो पस्सन्तु, याव अनुजुको चायं चित्तो गहपति, याव सठो चायं चित्तो गहपति, याव मायावी चायं चित्तो गहपती'' ति।

''इदानेव खो ते मयं, भन्ते, भासितं एवं आजानाम—'इदं भवन्तो पस्सन्तु, याव उजुको चायं चित्तो गहपति, याव असठो चायं चित्तो गहपति, याव अमायावी चायं चित्तो गहपती' ति। इदानेव च पन मयं, भन्ते, भासितं एवं आजानाम—'इदं भवन्तो पस्सन्तु, याव अनुजुको चायं चित्तो गहपति, याव सठो चायं चित्तो गहपति, याव मायावी चायं चित्तो गहपती' ति। सचे ते, भन्ते, पुरिमं सच्चं, पच्छिमं ते मिच्छा। सचे पन ते, भन्ते, पुरिमं मिच्छा, पच्छिमं ते सच्चं। इमे खो पन, भन्ते, दस सहधम्मिका पञ्हा

प्राप्त कर साधना करता हूँ। मैं, भन्ते! वितर्क विचारों के शान्त हो जाने से...पूर्ववत्...द्वितीय ध्यान...प्रीति के वैराग्य से...तृतीय ध्यान...सुख के प्रहाण से...पूर्ववत्...चतुर्थ ध्यान को प्राप्त कर साधना करता हूँ। भन्ते! जब मैं ऐसा जानता हूँ, तथा ऐसी क्रिया का साक्षात्कार कर चुका हूँ तो भन्ते! मैं इस विषय में किसी अन्य ब्राह्मण या श्रमण में श्रद्धा रखने क्यों जाऊँ! भन्ते! वितर्कविचाररहित समाधि भी होती है तथा इन वितर्क विचारों का निरोध भी सम्भव है।''

गृहपति द्वारा ऐसा कहे जाने पर निगण्ठ नाटपुत्त ने अपनी शिष्यमण्डली से कहा—''आप लोग देखें—यह चित्त गृहपति हृदय से कितना कुटिल, कितना धूर्त एवं मायावी (कपटी) है!''

''भन्ते! अभी कुछ ही क्षण पूर्व आप ने ही कहा था—'आप लोग देखें—यह चित्त गृहपति कितना सरल, कितना शुद्धहृदय एवं कितना निष्कपट है'। तथा अब आप मेरा उपर्युक्त उत्तर सुन कर यह कह रहे हैं—'आप लोग देखें—यह चित्त गृहपति कितना कुटिल, कितना धूर्त एवं कितना मायावी है'। भन्ते! यदि आप की कही हुई पहली बात सत्य है तो बाद में कही हुई आप की बात असत्य है। तथा यदि आप की कही हुई दूसरी बात सत्य है तो पहली बात असत्य होनी चाहिये। भन्ते! किसी भी प्रश्न के साथ ये दश

आगच्छन्ति। यदा नेसं अत्थं आजानेय्यासि, अथ मं पटिहरेय्यासि सद्धिं निगण्ठपरिसाय। एको पञ्हो एको उद्देसो एकं वेय्याकरणं। द्वे पञ्हा द्वे उद्देसा द्वे वेय्याकरणानि। तयो पञ्हा तयो उद्देसा तीणि वेय्याकरणानि। चत्तारो पञ्हा [B.489] चत्तारो उद्देसा चत्तारि वेय्याकरणानि। पञ्च पञ्हा पञ्च उद्देसा पञ्च वेय्याकरणानि। छ पञ्हा छ उद्देसा छ वेय्याकरणानि। सत्त पञ्हा सत्त उद्देसा सत्त वेय्याकरणानि। अट्ठ पञ्हा अट्ठ उद्देसा अट्ठ वेय्याकरणानि। नव पञ्हा नव उद्देसा नव वेय्याकरणानि। दस [R.300] पञ्हा दस उद्देसा दस वेय्याकरणानी'' ति।

अथ खो चित्तो गहपति निगण्ठं नाटपुत्तं इमे दस सहधम्मिके पञ्हे आपुच्छित्वा उट्ठायासना पक्कामी ति॥ •

९. अचेलकस्सपसुत्तं

९. तेन खो पन समयेन अचेलो कस्सपो मच्छिकासण्डं अनुप्पत्तो होति [N.267] चित्तस्स गहपतिनो पुराणगिहिसहायो। अस्सोसि खो चित्तो गहपति—''अचेलो किर कस्सपो मच्छिकासण्डं अनुप्पत्तो अम्हाकं पुराणगिहिसहायो'' ति। अथ खो चित्तो गहपति येन अचेलो कस्सपो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा अचेलेन कस्सपेन सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो चित्तो गहपति अचेलं कस्सपं एतदवोच—''कीवचिरं पब्बजितोसि, भन्ते कस्सपा'' ति?

बातें सम्पृक्त रहती हैं। जब आप इन प्रश्नों का उत्तर जान लें तब मुझे और अपनी इस शिष्यमण्डली को समझावें। (१) जिस का प्रश्न एक का संकेत करता हो उस का एक ही उत्तर होना चाहिये। (२) जिस का प्रश्न दो का संकेत करता हो उस के दो ही उत्तर होना चाहिये। (३) जिस का प्रश्न तीन...। (४) जिस का प्रश्न चार का...। (५) जिस का प्रश्न पाँच का...। (६) जिस का प्रश्न छह...। (७) जिस का प्रश्न सात...। (८) जिस का प्रश्न आठ...। (९) जिस का प्रश्न नौ का...। (१०) जिस का प्रश्न दश का संकेत करता हो उस के दश ही उत्तर होना चाहिये।

तब चित्त गृहपति निगण्ठ नाटपुत्त से ये प्रश्न पूछ कर चल दिये॥ •

९. अचेलकाश्यपसूत्र : : अचेल काश्यप अर्हत् बने

९. उस समय चित्त गृहपति का पहले गृहस्थ का मित्र अचेल काश्यप उस समय मत्स्यिकाषण्ड में आया हुआ था। चित्त गृहपति ने जब सुना कि उस का एक पुराना मित्र अचेल काश्यप मत्स्यिकाषण्ड में आया हुआ है तो चित्त गृहपति अचेल काश्यप से मिलने के लिये उस के साधनास्थल पर गया। तथा उस से कुशलमङ्गल पूछ कर एक तरफ बैठ

"तिंसमत्तानि खो मे, गहपति, वस्सानि पब्बजितस्सा" ति।

"इमेहि पन ते, भन्ते, तिंसमत्तेहि वस्सेहि अत्थि कोचि उत्तरिं मनुस्सधम्मो अलमरियञाणदस्सनविसेसो अधिगतो फासुविहारो" ति?

"इमेहि खो मे, गहपति, तिंसमत्तेहि वस्सेहि पब्बजितस्स नत्थि कोचि उत्तरिमनुस्सधम्मो अलमरियञाणदस्सनविसेसो अधिगतो फासुविहारो, अञ्ञत्र नग्गेय्या च मुण्डेय्या च पावळनिप्फोटनाय चा" ति।

एवं वुत्ते, चित्तो गहपति अचेलं कस्सपं एतदवोच—"अच्छरिय वत, भो, अब्भुतं वत, भो! धम्मस्स स्वाक्खातता यत्र हि नाम तिंसमत्तेहि वस्सेहि न कोचि [R.301] उत्तरिमनुस्सधम्मो अलमरियञाणदस्सनविसेसो अधिगतो अभविस्स फासुविहारो, अञ्ञत्र नग्गेय्या च मुण्डेय्या च पावळनिप्फोटनाय चा" ति!

"तुय्हं पन, गहपति, कीवचिरं उपासकत्तं उपगतस्सा" ति?

"मय्हं पि खो पन, भन्ते, तिंसमत्तानि वस्सानि उपासकत्तं उपगतस्सा" ति।

[B.490] "इमेहि पन ते, गहपति, तिंसमत्तेहि वस्सेहि अत्थि कोचि उत्तरिमनुस्सधम्मो अलमरियञाणदस्सनविसेसो अधिगतो फासुविहारो" ति?

गया। एक तरफ बैठे चित्त गृहपति ने अचेल काश्यप से पूछा—"आप को प्रव्रजित हुए कितने दिन हुए?"

अचेल काश्यप ने उत्तर दिया—"गृहपति! मुझे प्रव्रजित हुए तीस वर्ष हो चुके।"

(गृहपति—) "तो इस तीस वर्ष में तुमने इस धर्म के माध्यम से कोई अलौकिक चमत्कार वाली ऋद्धि प्राप्त की है? या कोई सरल साधनाविधि प्राप्त की है?"

"नहीं, गृहपति! मैं तो इस तीस वर्ष में ऐसा कुछ विशेष अधिगत न कर पाया। मैं इतने लम्बे समय तक केवल नग्न रह कर या तो घूमता रहा, या सिर मुँडाता रहा, या फिर चारिका करते करते अपने पैरों को ही आहत (व्रणित) करता रहा!"

यह सुन कर चित्त गृहपति ने उस अचेल काश्यप को ये व्यङ्ग्य वचन कहे—"उस धर्म की यह बहुत आश्चर्यमय एवं अद्भुत बात है कि आज उस में प्रव्रज्या लिये हुए तुम्हें तीस वर्ष बीतने पर भी न कोई अलौकिक चमत्कारमय ऋद्धि प्राप्त कर सके, न कोई सरल साधनाविधि खोज सके। केवल नंगे पैरों से घूमते रहे, सिर मुँडाते रहे या फिर चारिका करते करते अपने पैरों को आहत करते रहे!"

"और गृहपति! आप को उपासकत्व स्वीकार किये कितना समय हुआ?"

"मुझे भी उपासकत्व स्वीकार किये हुए तीस वर्ष हो चुके।"

"तुम ने इस अन्तराल में इस धर्म के माध्यम से कोई अलौकिक चमत्कारमय ...पूर्ववत्... प्राप्त की है?"

"गिहिनो पि सिया, भन्ते। अहं हि, भन्ते, यावदेव आकङ्खामि, विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। अहं हि, भन्ते, यावदेव आकङ्खामि, वितक्कविचारानं [N.268] वूपसमा दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। अहं हि, भन्ते, यावदेव आकङ्खामि, पीतिया च विरागा...पे०...ततियं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। अहं हि, भन्ते, यावदेव आकङ्खामि, सुखस्स च पहाना...पे०...चतुत्थं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। सच खो पनाहं, भन्ते, भगवतो पठमतरं कालं करेय्यं, अनच्छरियं खो पनाहं यं मं भगवा एवं ब्याकरेय्य— 'नत्थि तं संयोजनं येन संयोजनेन संयुत्तो चित्तो गहपति पुन इमं लोकं आगच्छेय्या'" ति।

एवं वुत्ते, अचेलो कस्सपो चित्तं गहपतिं एतदवोच—"अच्छरियं वत, भो, अब्भुतं वत, भो! धम्मस्स स्वाक्खातता यत्र हि नाम गिही ओदातवसनो एवरूपं उत्तरिं मनुस्सधम्मा अलमरियञाणदस्सनविसेसं अधिगमिस्सति फासुविहारं। [R.302] लभेय्याहं, गहपति, इमस्मिं धम्मविनये पब्बजं, लभेय्यं उपसम्पदं" ति।

अथ खो चित्तो गहपति अचेलं कस्सपं आदाय येन थेरा भिक्खू तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा थेरे भिक्खू एतदवोच—"अयं, भन्ते, अचेलो कस्सपो अम्हाकं पुराणगिहिसहायो। इमं थेरा पब्बाजेन्तु उपसम्पादेन्तु। अहमस्स उस्सुक्कं करिस्सामि चीवरपिण्डपातसेनासनगिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारानं" ति। अलत्थ खो अचेलो

"भन्ते! मैं, गृहस्थ होते हुए भी, जब तक चाहता हूँ...पूर्ववत्...प्रथम ध्यान...द्वितीय ध्यान...तृतीय ध्यान...चतुर्थ ध्यान की साधना करता रहता हूँ। इस में कोई आश्चर्य की बात न होगी कि, यदि मेरी भगवान् के महापरिनिर्वाण से पूर्व मृत्यु हो जाय तो, भगवान् मेरे विषय में यही कहेंगे—'चित्त गृहपति को ऐसा कोई संयोजन (सांसारिक बन्धन) नहीं रहा जिस से बँध कर गृहपति को पुनः इस संसार में आना पड़े'।"

गृहपति द्वारा ऐसा कहे जाने पर वह अचेल काश्यप चित्त गृहपति को यों बोला— "धन्य है वह स्वाख्यात धर्म, जहाँ श्वेतवस्त्रधारी गृहस्थ उपासक भी जिस की आराधना कर ऐसा अलौकिक चमत्कारमय ऋद्धिबल प्राप्त कर लें, तथा दैनिक साधना को भी सरल एवं स्वानुकूल बना लें। क्या, गृहपति! मैं भी इस धर्म में प्रव्रज्या, उपसम्पदा प्राप्त कर सकता हूँ?"

तब चित्त गृहपति अचेल काश्यप को ले कर वहाँ गया, जहाँ स्थविर भिक्षु साधना में लीन थे। वहाँ जा कर उस ने स्थविरों से निवेदन किया—"भन्ते! यह अचेल काश्यप मेरा गृहस्थ धर्म का पुराना साथी है। इसे आप लोग प्रव्रज्या दें, उपसम्पदा दें। मैं इस के

कस्सपो इमस्मिं धम्मविनये पब्बज्जं, अलत्थ उपसम्पदं। अचिरूपसम्पन्नो च पनायस्मा कस्सपो एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो नचिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति, तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहासि। "खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया" ति अब्भञ्ञासि। अञ्ञतरो च पनायस्मा कस्सपो अरहतं अहोसी ति॥ ●

१०. गिलानदस्सनसुत्तं

[B.491] १०. तेन खो पन समयेन चित्तो गहपति आबाधिको होति दुक्खितो बाळ्हगिलानो। अथ खो सम्बहुला आरामदेवता वनदेवता रुक्खदेवता ओसधितिणवनप्पतीसु अधिवत्था देवता सङ्गम्म समागम्म चित्तं गहपतिं एतदवोचुं—"पणिधेहि, गहपति, अनागतमद्धानं राजा अस्सं चक्कवत्ती" ति।

[N.269] एवं वुत्ते, चित्तो गहपति ता आरामदेवता वनदेवता रुक्खदेवता ओसधितिणवनप्पतीसु अधिवत्था देवता एतदवोच—"तं पि अनिच्चं, तं पि अद्धुवं, तं पि पहाय गमनीयं" ति। एवं वुत्ते, चित्तस्स गहपतिनो मित्तामच्चा ञातिसालोहिता चित्तं [R.303] गहपतिं एतदवोचुं—"सतिं, अय्यपुत्त, उपट्ठपेहि, मा विप्पलपी" ति।

चीवर एवं पिण्डपात आदि की निरन्तर व्यवस्था करता रहूँगा।" तब उन स्थविर भिक्षुओं ने उस अचेल काश्यप को प्रव्रज्या एवं उपसम्पदा दी। कुछ ही समय बाद, वह अचेल काश्यप एकान्त में साधना करता हुआ शीघ्र ही धर्म के उस निष्कर्ष तक पहुँच गया जिस के ज्ञान के लिये अन्य कुलपुत्र भी घर से बेघर हो प्रव्रज्या लिया करते हैं। धीरे धीरे उस को यह बात समझ में आ गयी कि उस की जाति (भवपरम्परा) क्षीण हो चुकी है, उस की धर्मसाधना सफल हो चुकी है, उस ने अपना कर्त्तव्य पूर्ण कर लिया है। तथा वह भी, साधना में उत्कृष्टता प्राप्त कर एक दिन अर्हतों में अपनी गणना करा ले गया॥ ●

१०. ग्लानदर्शनसूत्र : : चित्त गृहपति का देहावसान

१०. उस समय चित्त गृहपति किसी गम्भीर रोग से ग्रस्त हो गया। इस से वह बहुत कष्ट एवं पीड़ा अनुभव करने लगा। तब बहुत से आराम (विहार के उद्यान), वन, वृक्ष एवं ओषधि तृण तथा वनस्पतियों के अधिवासी देवता वहाँ एकत्र हुए तथा चित्त गृहपति को यों सान्त्वना देने लगे—"दृढ सङ्कल्प करो कि तुम भावी जीवन में चक्रवर्ती राजा बनो।"

देवताओं द्वारा ऐसा कहे जाने पर, चित्त गृहपति ने उन देवताओं को यह उत्तर दिया—"उस पद का सङ्कल्प (आकांक्षा) करने का क्या लाभ! वह भी तो अनित्य है,

"किं ताहं वदामि यं मं तुम्हे एवं वदेथ—'सतिं, अय्यपुत्त, उपट्ठपेहि, मा विप्पलपी''' ति?

"एवं खो त्वं, अय्यपुत्त, वदेसि—'तं पि अनिच्चं, तं पि अद्धुवं, तं पि पहाय गमनीयं''' ति।

"तथा हि पन मं आरामदेवता वनदेवता रुक्खदेवता ओसधितिणवनप्पतीसु अधिवत्था देवता एवमाहंसु—'पणिधेहि, गहपति, अनागतमद्धानं राजा अस्सं चक्कवत्ती' ति। ताहं एवं वदामि—'तं पि अनिच्चं...पे०...तं पि पहाय गमनीयं''' ति।

"किं पन ता, अय्यपुत्त, आरामदेवता वनदेवता रुक्खदेवता ओसधितिणवनप्पतीसु अधिवत्था देवता अत्थवसं सम्पस्समाना एवमाहंसु—'पणिधेहि, गहपति, अनागतमद्धानं राजा अस्सं चक्कवत्ती''' ति?

"तासं खो आरामदेवतानं वनदेवतानं रुक्खदेवतानं ओसधितिणवनप्पतीसु अधिवत्थानं देवतानं एवं होति—'अयं खो चित्तो गहपति, सीलवा कल्याणधम्मो। सचे पणिदहिस्सति—अनागतमद्धानं राजा अस्सं चक्कवत्ती' ति, तस्स खो अयं इज्झिस्सति, सीलवतो चेतोपणिधि विसुद्धत्ता धम्मिको धम्मिकं फलं अनुपस्सती' ति। इमं खो ता आरामदेवता वनदेवता रुक्खदेवता ओसधितिणवनप्पतीसु अधिवत्था देवता अत्थवसं

अध्रुव है, उसे भी एक दिन नष्ट हो जाना है।" ऐसा कहे जाने पर उस के पास बैठे पारिवारिक परिजनों ने चित्त गृहपति को यों सावधान किया—"आर्यपुत्र! अपनी स्मृति को व्यवस्थित रखो, प्रलाप न करो!"

तब चित्त गृहपति ने उन से पूछा—"आप लोग मुझे यों सावधान क्यों कर रहे हैं, मैने ऐसा क्या किया है?"

"क्यों कि अभी आप ऐसा प्रलाप कर रहे थे कि वह भी तो अनित्य है, वह भी अध्रुव है, उसे भी विनष्ट हो जाना है।"

"नहीं, मैं प्रलाप नहीं कर रहा था, अपि तु मेरे पास यहाँ के आरामदेवता आदि आये थे...पूर्ववत्...।"

"परन्तु उन देवताओं ने आप में क्या देख कर आप को ऐसा सङ्कल्प लेने को कहा था?"

"उन देवताओं ने यह सोचा था—'यह गृहपति शीलवान् है, कल्याणकारी है। यदि यह ऐसा सङ्कल्प लेगा तो इस का यह सङ्कल्प, इस के शीलवान् होने के कारण, अवश्य सिद्ध होगा। इस तरह एक धर्माचारी अपने आचरण का धार्मिक फल प्राप्त कर

सम्पस्समाना एवमाहंसु—'पणिधेहि, गहपति, अनागतमद्धानं राजा अस्सं चक्कवत्ती' ति। ताहं एवं वदामि—'तं पि अनिच्चं, तं पि अद्धुवं, तं पि पहाय गमनीयं''' ति।
[B.492]''तेन हि, अय्यपुत्त, अम्हे पि ओवदाही'' ति।

''तस्मा हि वो एवं सिक्खितब्बं—बुद्धे अवेच्चप्पसादेन समन्नागता [R.304] भविस्साम—'इति पि सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो सुगतो [N.270] लोकविदू अनुत्तरो पुरिमदम्मसारथि सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा' ति। धम्मे अवेच्चप्पसादेन समन्नागता भविस्साम—'स्वाक्खातो भगवता धम्मो सन्दिट्ठिको अकालिको एहिपस्सिको ओपनेय्यिको पच्चत्तं वेदितब्बो विञ्ञूही' ति। सङ्घे अवेच्चप्पसादेन समन्नागता भविस्साम—'सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो, उजुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो, ञायप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो, सामीचिप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो, यदिदं चत्तारि पुरिसयुगानि अट्ठ पुरिसपुग्गला एस भगवतो सावकसङ्घो आहुनेय्यो पाहुनेय्यो दक्खिणेय्यो अञ्जलिकरणीयो अनुत्तरं पुञ्ञक्खेत्तं लोकस्सा' ति। यं खो पन किञ्चि कुले देय्यधम्मं सब्बं तं अप्पटिविभत्तं भविस्सति सीलवन्तेहि कल्याणधम्मेही ति एवं हि वो सिक्खितब्बं'' ति।

अथ खो चित्तो गहपति मित्तामच्चे ञातिसालोहिते बुद्धे च धम्मे च सङ्घे च चागे च समादपेत्वा कालमकासी ति॥ •

चित्तसंयुत्तं समत्तं॥

सकेगा'। यही सोच कर उन देवताओं ने मुझ को ऐसा सङ्कल्प लेने को कहा था। उन्हीं को मैं यह उत्तर दे रहा था, न कि कोई प्रलाप कर रहा था।''

''तो, आर्यपुत्र! हमें भी कुछ धार्मिक अनुशासन कीजिये।''

''तुम्हें यों सीखना चाहिये—१. भगवान् बुद्ध में मेरी दृढ श्रद्धा होगी; क्यों कि वे भगवान्, ज्ञानी, सम्यक्सम्बुद्ध...पूर्ववत्...हैं। २. बुद्धोपदिष्ट धर्म में मेरी दृढ श्रद्धा होगी; क्यों कि वह धर्म भगवान् बुद्ध द्वारा स्वाख्यात है...पूर्ववत्...। ३. बुद्धानुशिष्ट सङ्घ में मेरी दृढ श्रद्धा होगी; क्यों कि वह...पूर्ववत्...चार युगल पुरुष एवं आठ पुरुषों से युक्त है...। ४. जो भी परिवारों की ओर से दान दक्षिणा देनी हो वह सब कल्याणधर्मा शीलवान् भिक्षुओं को ही देनी चाहिये। यही तुम्हें सीखना चाहिये।''

यों, वह चित्त गृहपति अपने मित्र, अमात्य, परिवार के बान्धवजनों को बुद्ध धर्म एवं सङ्घ में अतिशय श्रद्धा का सत्परामर्श देता हुआ अपना देहावसान कर गया॥ •

चित्तसंयुक्त समाप्त॥

तस्सुद्दानं

संयोजनं द्वे इसिदत्ता, महको कामभू पि च।
गोदत्तो च निगण्ठो च, अचेलेन गिलानदस्सनं ति॥ ●

—— ※ ——

इस चित्तसंयुक्त में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. संयोजनसूत्र, २. प्रथम ऋषिदत्तसूत्र, ३. द्वितीय ऋषिदत्तसूत्र, ४. महकप्रातिहार्यसूत्र, ५. प्रथम कामभूसूत्र, ६. द्वितीय कामभूसूत्र, ७. गोदत्तसूत्र, ८. निर्ग्रन्थज्ञातिपुत्रसूत्र, ९. अचेलकाश्यपसूत्र एवं १०. ग्लानदर्शनसूत्र॥●

—— ※ ——

४२. गामणिसंयुत्तं

१. चण्डसुत्तं

[N.271, B.493, R.305] १. सावत्थिनिदानं। अथ खो चण्डो गामणि येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो चण्डो गामणि भगवन्तं एतदवोच—"को नु खो, भन्ते, हेतु को पच्चयो येन मिधेकच्चो चण्डो चण्डो त्वेव सङ्खं गच्छति; को पन, भन्ते, हेतु को पच्चयो येन मिधेकच्चो सोरतो सोरतो त्वेव सङ्खं गच्छती" ति?

"इध, गामणि, एकच्चस्स रागो अप्पहीनो होति। रागस्स अप्पहीनत्ता परे कोपेन्ति, परेहि कोपियमानो कोपं पातुकरोति। सो चण्डो त्वेव सङ्खं गच्छति। दोसो अप्पहीनो होति। दोसस्स अप्पहीनत्ता परे कोपेन्ति, परेहि कोपियमानो कोपं पातुकरोति। सो चण्डो त्वेव सङ्खं गच्छति। मोहो अप्पहीनो होति। मोहस्स अप्पहीनत्ता परे कोपेन्ति, परेहि कोपियमानो कोपं पातु करोति। सो चण्डो त्वेव सङ्खं गच्छति। अयं खो, गामणि, हेतु अयं पच्चयो येन मिधेकच्चो चण्डो चण्डो त्वेव सङ्खं गच्छति।

"इध पन, गामणि, एकच्चस्स रागो पहीनो होति। रागस्स पहीनत्ता परे न कोपेन्ति, परेहि कोपियमानो कोपं न पातुकरोति। सो सोरतो त्वेव सङ्खं गच्छति। दोसो

---

४२. ग्रामणिसंयुक्त

१. चण्डसूत्र : : **चण्डत्व एवं सरलत्व में हेतु**

१. यह सूत्र **श्रावस्ती में**...। तब चण्ड ग्रामणी (ग्राम का मुखिया) जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ पहुँचा। उन्हें प्रणाम कर वह एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठा हुआ वह ग्रामणी भगवान् से यों निवेदन करने लगा—"भन्ते! इस बात में क्या हेतु या क्या कारण है कि कोई चण्ड (उग्र=क्रोधी) होता हुआ 'चण्ड' कहलाता है, तथा कोई व्यवहार में चण्ड होता हुआ भी सुरत (सरल) ही कहलाता है?"

"ग्रामणि! यहाँ कोई पुरुष राग से अप्रहीण (युक्त) होता है, अतः वह राग से युक्त होने के कारण वह दूसरों पर क्रोध करता है, या दूसरों द्वारा क्रोध दिलाये जाने पर उन से कलह करता है। द्वेष से...मोह से अप्रहीण होता है...कलह करता है, ऐसा पुरुष चण्ड होते हुए 'चण्ड' ही कहलाता है। यह कारण है कि कोई पुरुष 'चण्ड' कहलाता है। (क)

"फिर, ग्रामणि! कोई पुरुष रागविहीन होता है, रागविहीन होने के कारण वह

पहीनो होति। दोसस्स पहीनत्ता परे न कोपेन्ति, परेहि कोपियमानो कोपं न पातुकरोति। सो सोरतो त्वेव सङ्खं गच्छति। मोहो पहीनो होति। मोहस्स पहीनत्ता परे न कोपेन्ति, परेहि कोपियमानो कोपं न पातुकरोति। सो सोरतो सोरतो त्वेव सङ्खं गच्छति। अयं खो, गामणि, हेतु अयं पच्चयो येन मिधेकच्चो सोरतो सोरतो त्वेव सङ्खं गच्छती'' ति।

एवं वुत्ते, चण्डो गामणि भगवन्तं एतदवोच—''अभिक्कन्तं, भन्ते [R. 306] अभिक्कन्तं, भन्ते! सेय्यथापि, भन्ते, निक्कुज्जितं वा उक्कुज्जेय्य, पटिच्छन्नं वा [B.494] विवरेय्य, मूळ्हस्स वा मग्गं आचिक्खेय्य, अन्धकारे वा तेलपज्जोतं धारेय्य—[N.272] चक्खुमन्तो रूपानि दक्खन्ती ति; एवमेवं भगवता अनेकपरियायेन धम्मो पकासितो। एसाहं, भन्ते, भगवन्तं सरणं गच्छामि धम्मं च भिक्खुसङ्घं च। उपासकं मं, भन्ते, भगवा धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं'' ति॥ •

२. तालपुटसुत्तं

२. एकं समयं भगवा राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिलापे। अथ खो तालपुटो नटगामणि येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो तालपुटो नटगामणि भगवन्तं एतदवोच—''सुतं मेतं, भन्ते, पुब्बकानं आचरियपाचरियानं नटानं भासमानानं—'यो सो नटो

दूसरों पर क्रोध नहीं करता; न दूसरे उसे क्रोध दिलाते हैं, यों दूसरों द्वारा क्रोध न दिलाये जाने के कारण उन से कलह या विवाद नहीं करता। द्वेषविहीन...मोहविहीन होता है...कलह या विवाद नहीं करता; ऐसा पुरुष सरल होते हुए 'सरल' ही कहलाता है। यह कारण है कि कोई पुरुष सरल होते हुए 'सरल' कहलाता है।'' (ख)

भगवान् द्वारा ऐसा उपदेश किये जाने पर वह चण्ड ग्रामणी भगवान् से यों बोला—''भन्ते! आपने तो मेरे प्रश्न का बहुत स्पष्ट व्याख्यान कर दिया। यह तो वैसा ही हुआ, जैसे कोई ओंधे (उल्टे) को सीधा कर दे, ढके हुए को खोल दे, मार्ग भटके हुए यात्री को उचित मार्ग बता दे या अन्धकार में तैल का दीपक जला कर रख दे कि आने जाने वाले मार्ग देख लें; इसी तरह आपने नाना प्रकार से प्रसङ्ग को स्पष्ट कर दिया।

''अत: मैं, भन्ते! आप की, धर्म तथा सङ्घ की शरण में जाता हूँ। आज से आप मुझे, प्राण रहने तक, अपना शरणागत उपासक स्वीकार करें''॥ •

२. तालपुटसूत्र : : नटों की नरक में उत्पत्ति

२. एक समय भगवान् **राजगृह** के वेणुवनस्थित कलन्दकनिवाप में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय तालपुट नामक कोई नटों का मुखिया वहाँ आया, तथा भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठते हुए वह भगवान् से यों बोला—''भन्ते! मैने अपने पुराने

रङ्गमज्झे समज्जमज्झे सच्चालिकेन जनं हासेति रमेति, सो कायस्स भेदा परं मरणा पहासानं देवानं सहब्यतं उपपज्जती' ति। इध भगवा किमाहा'' ति?

''अलं, गामणि, तिट्ठतेतं। मा मं एतं पुच्छी'' ति। दुतियं पि खो तालपुटो नटगामणि भगवन्तं एतदवोच—''सुतं मेतं, भन्ते, पुब्बकानं आचरियपाचरियानं नटानं भासमानानं—'यो सो नटो रङ्गमज्झे समज्जमज्झे सच्चालिकेन जनं हासेति रमेति, सो कायस्स भेदा परं मरणा पहासानं देवानं सहब्यतं उपपज्जती' ति। इध भगवा किमाहा'' ति?

''अलं, गामणि, तिट्ठतेतं। मा मं एतं पुच्छी'' ति। ततियं पि खो तालपुटो नटगामणि भगवन्तं एतदवोच—''सुतं मेतं, भन्ते, पुब्बकानं आचरियपाचरियानं नटानं भासेमानानं—'यो सो नटो रङ्गमज्झे समज्जमज्झे सच्चालिकेन जनं हासेति रमेति, सो [R.307] कायस्स भेदा परं मरणा पहासानं देवानं सहब्यतं उपपज्जती' ति। इध भगवा किमाहा'' ति?

''अद्धा खो त्याहं, गामणि, न लभामि—'अलं, गामणि, तिट्ठतेतं, मा मं एतं पुच्छी' ति। अपि च त्याहं ब्याकरिस्सामि। पुब्बे खो, गामणि, सत्ता अवीतरागा रागबन्धनबद्धा। तेसं नटो रङ्गमज्झे समज्जमज्झे ये धम्मा रजनीया ते उपसंहरति भिय्योसोमत्ताय। पुब्बे खो, गामणि, सत्ता अवीतदोसा दोसबन्धनबद्धा। तेसं नटो [N.273, B.495] रङ्गमज्झे समज्जमज्झे ये धम्मा रजनीया ते उपसंहरति भिय्योसोमत्ताय। पुब्बे खो, गामणि, सत्ता अवीतमोहा मोहबन्धनबद्धा। तेसं नटो रङ्गमज्झे समज्जमज्झे ये धम्मा मोहनीया ते उपसंहरति भिय्योसोमत्ताय। सो अत्तनो मत्तो पमत्तो परे मदेत्वा

आचार्य प्राचार्यों को यह कहते सुना है—'जो नट रङ्गमञ्च पर या किसी विशेष मेले आदि के अवसरों पर अपने सत्य-झूठ (कृत्रिम) कौतुक क्रीड़ाओं से लोगों को हँसाता है, उन का मनोविनोद करता है, वह इस देहपात के बाद, मरणानन्तर, प्रहास देवों के बीच उत्पन्न होता है।' भन्ते! इस विषय में आप का क्या मन्तव्य (कहना) है?''

''इसे रहने दो, ग्रामणि! मैं कह नहीं पाऊँगा; अत: तुम मुझ से इस विषय में न पूछो।''

दूसरी बार भी...पूर्ववत्...तीसरी बार भी...भगवान् का इस पर क्या कहना है?

भगवान् बोले—''ग्रामणि! मैं तुम्हें बार बार निषेध कर रहा हूँ; परन्तु तुम्हारा आग्रह सुनने का कुछ अधिक ही है तो सुनो। ग्रामणि! पहले के लोग वीतराग नहीं थे, वे रागबन्धन से आबद्ध थे। रङ्गमञ्च पर, या मेले आदि में उन नटों की वे रागमयी झूठी सच्ची कौतुक क्रीडाएँ उन में और अधिक राग उत्पन्न कर देती थीं। इसी तरह, ग्रामणि! पहले के

